# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला 176215

**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

क्रमांकः हि०शि०बो०(22)दशम्–2/लेटर सैट/41/2025/12031-12051 दिनांकः 05/06/2025

## "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि जुलाई–2025 में संचालित की जाने वाली **नवमीं व ग्यारहवीं कक्षाओं की अनुपूरक परीक्षाओं (Supplementary Examination)** के लिए बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिसके लिए प्रदेश के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक नवमीं व ग्यारहवीं कक्षा के अनुपूरक परीक्षार्थियों की अलग–अलग कक्षावार व विषयवार प्रश्न पत्रों की मांग व शुल्क केवल ऑफलाईन (Offline) सम्बन्धित विद्यालय के माध्यम से बैंक ड्राफ्ट बनाकर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में आकर प्रश्न पत्रों की मांग को निम्न तालिका के अनुसार प्रेषित करना सुनिश्चित करें :–

| क्रम संख्या | कक्षा | बिना विलम्ब शुल्क 09/06/2025 to 19/06/2025 | विलम्ब शुल्क 50/- रूपये प्रति छात्र 20/06/2025 to 24/06/2025 |
|---|---|---|---|
| 1. | 9वीं | 150/- प्रति छात्र | 200/- प्रति छात्र |
| 2. | 11वीं | 150/- प्रति छात्र | 200/- प्रति छात्र |

अतः समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक दिनांक **24/06/2025** तक प्रश्न पत्रों की मांग को निर्धारित शुल्क सहित केवल ऑफलाईन (Offline) व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में आकर या सचिव हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड के नाम बैंक ड्राफ्ट बना कर पहुंचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी तथा प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता तथा कमी (Shortage) का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित पाठशाला के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक का होगा।

**(डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा)**
**सचिव**

पृष्ठाकंन संख्याः –यथोपरि–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सहायक, माननीय अध्यक्ष महोदय/सचिव महोदय, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. अतिरिक्त सचिव, समस्त उप सचिव/सहायक सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
3. समस्त उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा/प्रारंभिक शिक्षा), हि० प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी/जिला प्रबन्धक, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
5. अनुभाग अधिकारी सूचना प्रौद्योगिकी कक्ष अधिसूचना को बोर्ड बैवसाईट तथा समस्त स्कूलों की User Id में अपलोड करवायें।
6. रक्षक संचिका।

**(डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा)**
**सचिव**

Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176215
Tele: 01892-242149….., 242148, 242119
e-mail : hpbose2011@gmail.com
fax: 01892-225419, 222817